Whether BPL or not : No

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा ₹8,081 की वसूली संचित स्त्रोत से करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

(ख) निर्माण कार्य की अनुमानित लागत ₹9.48 लाख थी तथा इस कार्य हेतु निविदाएं मंगवाने के लिए दिनांक 8.9.2012 को तीन समाचार पत्रों पंजाब केसरी, अमर उजाला, दिव्य हिमाचल में विज्ञापन प्रकाशित किया गया, जिसके अनुसार इस कार्य की निविदाएं दिनांक 26.9.2012 को खोली जानी थी, परन्तु tender opening register की जाँच करने पर पाया गया कि इस कार्य का नाम तो उक्त रजिस्टर के पृष्ठ–153 पर दर्ज किया गया था तथा न तो मदों के नाम तथा न ही संविदाकारों के नाम दर्ज किए गए थे, अपितु उक्त कार्य की निविदाएं tender opening register के पृष्ठ 181 पर खोली गई दर्शाई गई है। यद्यपि मन्दिर अधिकारी द्वारा अपने पत्र संख्या: TTC-122071225/13, दिनांक 18.1.2013 द्वारा चार समाचार पत्रों पंजाब केसरी, अमर उजाला, दिव्य हिमाचल, दैनिक जागरण में इस कार्य का विज्ञापन पुनः भेजा गया था, परन्तु विज्ञापन के समर्थन में किसी भी अखबार की दिनांक 18.1.2013 की प्रति अभिलेख में उपलब्ध नहीं थी। अतः इस बारे वस्तुस्थिति से अवगत करवाया जाए।

20		
	Name of Work	**Garbage waste Management & disposal system**
	Sub Head	**Retaining wall & land filling on bottom**
	Name of Contractor	**M/s Hari Om Traders**
	Measurement Book	**40 Page 31 & 32**
	Work order No.	**TTC-133/Dev.-14-1335/14, dated 26-11-14**
	Estimated Cost	**₹8,16,363**
	Awarded Amount	**₹9,71,482**

उपरोक्त कार्य की जाँच करने पर पाया गया कि सम्बन्धित ठेकेदार को P/L CC 1:3:6 की मात्रा का भुगतान करने से पूर्व P/F 100mm PVC Pipe for beep holes की मात्रा को कम नहीं किया गया है, जबकि नियमानुसार रिटेनिंग दीवार के कार्य की मद P/L CC 1:3:6 की मात्रा का भुगतान करने से पूर्व P/F 100mm PVC pipe for beep holes की मात्रा को कम करने के उपरान्त ही भुगतान किया जाना अनिवार्य था। अतः P/F 100mm dia PVC pipe for beep holes की मात्रा P/L CC 1:3:6 की मात्रा से कम न करने के कारण सम्बन्धित संविदाकार को उक्त कार्य हेतु ₹10,730 का अधिक एवं गलत भुगतान किया गया है। अतः अधिक एवं गलत भुगतान की गई ₹10,730 की वसूली सम्बन्धित संविदाकार से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए अधिक एवं गलत भुगतान का विवरण निम्न प्रकार से है।

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajinder Kadla
Whether BPL or not : No
PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

क्रम संख्या	मद का विवरण	मात्रा	दर	मूल्य
1	Providing & laying Cement concrete in 1:3:6	89.84 m^3	3709	3,32,408
	Less: Quantity of providing & fixing 100mm PVC pipe for beep holes	29m x .1=2.90m^3		
	Net quantity to be paid wrong & Excess payment made to contractor	86.94 m^3	3700	3,21,678
		Excess Payment		10,730

21 माप पुस्तिका में रिकॉर्ड/मापन प्रविष्टियाँ किए बगैर ही ₹85,96,876 का अनियमित भुगतान करना

जाँच के दौरान पाया गया कि सुलभ इन्टरनैशनल सोशल सर्विस संस्था चण्डीगढ़ को शौचालय निर्माण हेतु ₹85,96,876 का भुगतान किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

क्रम संख्या	दिनांक	भुगतान की गई राशि	टिप्पणी
1	30.6.2014	22,92,500	कुल राशि ₹1,14,62,500 का 20% हिस्सा प्रथम किश्त
2	9.1.15	28,65,626	कुल राशि का 25% हिस्सा द्वितीय किश्त
3	26.8.2015	34,38,750	कुल राशि का 30% हिस्सा तृतीय किश्त

उपरोक्त भुगतान सम्बन्धित संस्था को मन्दिर अधिकारी एवं संस्था के बीच 38 सीटड शौचालय के निर्माण हेतु अनुबन्ध के अनुसार किया गया है। अनुबन्ध की धारा 20 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि "The payment shall be made as per the assessment/work done as per site measured or recorded in measurement book by the engineer in charge." अर्थात उक्त संस्था को किसी भी राशि का भुगतान वास्तविक रूप में निष्पादित किए गए कार्य की माप पुस्तिका में रिकॉर्ड/मापन प्रविष्टियां दर्ज करके मूल्यांकन करने के उपरान्त ही किया जाना अनिवार्य था, लेकिन मन्दिर न्यास श्री हिन्तापूर्णी के सहायक अभियन्ता द्वारा न तो माप पुस्तिका में रिकॉर्ड/मापन प्रविष्टियां दर्ज की गई है व न ही वास्तविक रूप में निष्पादित किए गए कार्य का मूल्यांकन किया गया है तथा किसी रिकॉर्ड/मापन प्रविष्टियों एवं मूल्यांकन के बिना ही ₹86,96,876 के भुगतान की संस्तुति कर दी गई व तदानुसार ₹85,96,876 का भुगतान उपरोक्त उल्लेखित विवरणानुसार सम्बन्धित संस्था को किया गया है, जोकि पूर्णतया अनुबन्ध की शर्तों/धाराओं के विपरीत होने के साथ-साथ कार्य नियमों एवं वित्तीय नियमों की गम्भीर अवहेलना है। अतः माप पुस्तिका में रिकॉर्ड/मापन प्रविष्टियां दर्ज न करने व वास्तविक रूप में निष्पादित किए गए कार्य का मूल्याकन न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा शेष राशि का भुगतान करने से पूर्व सम्पूर्ण निष्पादित किए गए वास्तविक कार्य की माप पुस्तिका में रिकॉर्ड/मापन प्रविष्टियां दर्ज करके निष्पादित किए गए वास्तविक कार्य की प्रमात्रा का मूल्यांकन भी किया जाना सुनिश्चित किया जाए व तदोपरान्त ही शेष बची राशि का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी

information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajesh Modla
Whether BPL or not : No
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

प्रकार के अधिक एवं गलत भुगतान को रोका जाना सम्भव हो सके। उक्त प्रकरण अंकेक्षण के दौरान अंकेक्षण अभियाचना संख्या 78, दिनांक 22.9.2015 के माध्यम से मन्दिर अधिकारी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में मन्दिर अधिकारी द्वारा पत्र संख्या: टी0टी0सी0–ऑडिट/2015/1379, दिनांक 1.10.2015 द्वारा आगामी भुगतान अनुबन्ध की धारा 20 की अनुपालना करने के उपरान्त ही करने हेतु आश्वासन दिया गया। क्योंकि पूर्व में भी किए गए भुगतान की ₹85,98,876 का मूल्यांकन एवं रिकॉर्ड/मापन प्रतिष्टियाँ माप पुस्तिका में अनुबन्ध की धारा 20 की शर्तों के अनुसार की जानी अनिवार्य थी, जोकि नहीं की गई। अतः यह प्रकरण मन्दिर प्रबन्धन समिति के उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से इस आशय से लाया जाता है कि पूर्व में किए गए भुगतान का मूल्यांकन एवं रिकॉर्ड/मापन प्रतिष्टियां माप पुस्तिका में करवाकर अनुपालना से इस विभाग को अविलम्ब अवगत करवाया जाए।

22 मैसर्ज जैन एण्ड एसोसियेट को मास्टर प्लान बनाने हेतु भुगतान की ₹1,02,10,113 की अनुपयोगी व्यय के बारे में

जाँच के दौरान पाया गया कि मैसर्ज जैन एण्ड एसोसियेट आर्किटैक्ट, गुडगांव को ₹1,02,10,113 का भुगतान चिन्तपूर्णी मन्दिर न्यास के मास्टर प्लान के अनुसार फेज–I, II & III की साईट के बहुउद्देश्य पार्किंग, संस्कृत विद्यालय व आवासीय कालोनी सम्मलित थी, जिसमें की अपरेजल रिपोर्ट तैयार करने हेतु किया गया है, जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है।

क्रम संख्या	भुगतान की निधि	स्वागत कक्ष व बहुउद्देश्य पार्किंग हेतु भुगतान	संस्कृत विद्यालय व आवासीय कॉलोनी हेतु भुगतान
1	1.4.2009	30,000	—
2	19.12.2009	8,00,000	1,40,000
3	26.3.2009	8,00,000	2,81,760
4	3.6.2009	14,41,050	2,79,765
5	14.7.2009	8,52,378	1,96,002
6	13.3.2010	8,21,839	1,16,289
7	25.9.2010	3,93,336	72,733
8	15.12.2010	4,53,373	31,588
9	25.4.2013	35,00,000	—
	योग	90,91,976	11,18,137

कुल योग = ₹90,91,976 + ₹11,18,137 = ₹1,02,10,113

इस सन्दर्भ में उप सचिव, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या LCD-E(2)-15/2000, दिनांक 25.2.2010 द्वारा पार्किंग स्थल (बहुउद्देश्य) व स्वागत कक्ष के फेज–1, के कार्य करवाने हेतु ही प्रशासनिक अनुमोदन दिया गया था, जबकि वास्तुकार जैन एण्ड एसोसियेट से फेज–I, II & III का प्राक्कलन एवं अनुमान तैयार करवाया गया, जोकि पूर्णतया अनियमित प्रतीत होता है, क्योंकि जब प्रशासनिक अनुमोदन केवल फेज–1 के कार्य हेतु दिया गया है, तब फेज–1

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajesh Kapila
Whether BPL or not : No.
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

के कार्य हेतु ही प्राक्कलन एवं अनुमान तैयार करवाया जाना अपेक्षित था, परन्तु मन्दिर न्यास द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन को नजर अन्दाज करते हुए फेज–II व फेज–III के कार्य का प्राक्कलन तथा इसकी साईट अपरेजल रिपोर्ट तैयार करने हेतु भी मैसर्ज जैन एण्ड एसोसियेट को भुगतान किया गया है। इसके अतिरिक्त यहां यह भी उल्लेखित करना नितांत अनिवार्य है कि मन्दिर न्यास श्री चिन्तपूर्णी द्वारा मास्टर प्लान का प्राक्कलन एवं अनुमान तैयार करने हेतु वास्तुकार मैसर्ज जैन एण्ड एसोसियेट, गुडगांव को भुगतान की गई कुल ₹1,02,10,113 पूर्णतया अनुपयोगी व्यय प्रतीत होती है, क्योंकि वास्तविक रूप में जमीनी स्तर पर मास्टर प्लान में फेज–I से III तक सम्मलित सम्पूर्ण कार्यों में से एक भी कार्य नाममात्र भी निष्पादित नहीं हुआ है। उक्त अनुपयोगी एवं व्यर्थ व्यय से सम्बन्धित प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 161, दिनांक 18.9.2015 के माध्यम से मन्दिर अधिकारी के ध्यानार्थ स्पष्टीकरण हेतु लाया गया, जिसका प्रत्युत्तर उन्होंने पत्र संख्या: TTC-1380/15, दिनांक 1.10.2015 के अन्तर्गत अंकेक्षण दल को प्रस्तुत किया है, जोकि वास्तविक तथ्यों के विपरीत है एवं सन्तोषजनक नहीं है। अत: प्रशासनिक अनुमोदन न होने के बावजूद फेज–II & III के कार्य (संस्कृत विद्यालय व आवासीय कालौनी) के प्राक्कलन एवं अनुमान तैयार करने हेतु वास्तुकार श्री जैन एण्ड एसोसियेट किए भुगतान नियमानुसार न्यायोचित ठहराया जाए।

23 सुलभ शौचालय बनाने हेतु ज़मीन का क्रय अति उच्च दरों पर करने के कारण मन्दिर न्यास को हुई ₹22,50,000 की वित्तीय हानि के बारे में

मन्दिर न्यास श्री चिन्तपूर्णी द्वारा माह 5/2013 में श्री मगत राम सुपुत्र श्री ब्रहानन्द निवासी ग्राम पंचायत छपरोह से खसरा नम्बर 2210 में विक्रित 10 मरला जमीन ₹4,25,000 प्रति मरला की दर से ₹42,50,000 में सुलभ शौचालय के निर्माण हेतु खरीदी गई, जबकि श्री कर्म सिंह सुपुत्र श्री राम चन्द निवासी ग्राम पंचायत नारी द्वारा दिनांक 20.3.2012 को लिखित रूप में आयुक्त मन्दिर एवं जिलाधीश ऊना को आवेदन पत्र दिया गया था कि मन्दिर न्यास द्वारा मन्दिर शौचालय निर्माण हेतु जो जमीन ₹4,25,000 प्रति मरला की दर से क्रय की जा रही है, उसकी 100 मीटर की दूरी पर उसकी काफी जमीन है और वह ₹2,00,000 प्रति मरला की दर से जमीन मन्दिर न्यास को बेचने को तैयार है, परन्तु फिर भी मन्दिर न्यास द्वारा उक्त व्यक्ति की पेशकश को नजर अन्दाज करते हुए शौचालय हेतु 10 मरले जमीन का क्रय अति उच्च दरों पर अर्थात ₹4,25,000 प्रति मरला की दर से कर लिया गया, जिसके फलस्वरूप मन्दिर न्यास को (₹42,50,000–2,00,000x10=₹22,50,000) की वित्तीय हानि हुई है। वित्तीय हानि का उक्त प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 78, दिनांक 22.9.2015 के माध्यम से मन्दिर अधिकारी के समक्ष उठाया गया, जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित अंकेक्षण अभियुक्तियों का प्रत्युत्तर मांगा गया।

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajesh Kumar
Whether BPL or not : No
PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

(i) श्री कर्म चन्द के आवेदन पत्र पर काबिले गौर कार्रवाई न करने के कारण मन्दिर न्यास कोष को हुई वित्तीय हानि का न्यायोचित ठहराते हुए औचित्य स्पष्ट किया जाए।

(ii) जिस जमीन का क्रय ₹4,25,000 प्रति मरला की दर से किया गया उसके क्रय करते समय उस जमीन की राजस्व विभाग के अभिलेखानुसार औसत कीमत प्रति मरला क्या थी ?

परन्तु मन्दिर अधिकारी द्वारा अंकेक्षण की समाप्ति तक उपरोक्त उल्लेखित अंकेक्षण अभियुक्तियों का कोई भी प्रत्युत्तर नहीं दिया गया। फलस्वरूप इस प्रकरण में स्पष्ट है कि मन्दिर न्यास द्वारा कर्म चन्द के आवेदन पत्र पर काबिले गौर कार्रवाई न करने के कारण मन्दिर न्यास कोष को ₹22,50,000 की वित्तीय हानि हुई है। अतः अत्याधिक उच्च दरों पर जमीन का क्रय करने हेतु नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत कार्रवाई से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

24 ग्राम पंचायत नारी, छपरोह, मगोट को विकास कार्यों हेतु दी गई अनुदान की राशि क्रमशः ₹48,73,952, ₹73,43,184 व ₹92,34,354 अर्थात कुल ₹2,14,51,490 की वास्तविक की समीक्षा न करना

मन्दिर न्यास माता श्री चिन्तापूर्णी द्वारा मन्दिर न्यास कोष से गत 5 वर्षों में ग्राम पंचायत नारी, छपरोह व मगोट के प्रधानों को विभिन्न विकास कार्यों हेतु क्रमशः ₹48,73,952, ₹73,43,184 व ₹92,34,354 अनुदान के रूप में प्रदान की गई है। मन्दिर न्यास की बैठक जो कि दिनांक 15.10.14 को हुई है, के प्रस्ताव संख्या: 26 के अन्तर्गत एक उप समिति का गठन किया गया है, जिसके सदस्य निम्न प्रकार से हैं।

(1)	अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ऊना	अध्यक्ष
(2)	उप मण्डल अधिकारी अम्ब	सदस्य
(3)	अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग भरवाई	सदस्य

उपरोक्त उप समिति को दिशा निर्देश दिए गए थे कि पिछले 5 वर्षों में प्रधान ग्राम पंचायत नारी, छपरोह व मगोट को क्रमशः ₹48,73,952, ₹73,43,184 व ₹92,34,354 अर्थात कुल ₹2,14,51,490, जोकि मन्दिर कोष की तरफ से विकास कार्यों हेतु दी गई थी, उससे सम्बन्धित कार्यों की छानबीन करके तीन माह के भीतर रिपोर्ट पेश की जाए कि जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, वही कार्य हुआ है अथवा नहीं तथा जिस कार्य के लिए मन्दिर न्यास द्वारा राशि प्रदान की गई थी वहां पर बोर्ड इत्यादि लगाए गए हैं या नहीं, परन्तु उप समिति द्वारा उक्त विकास कार्यों हेतु प्रदान की गई राशि के प्रयोग की वास्तविकता की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। फलस्वरूप विकास कार्यों हेतु उक्त तीनों पंचायत प्रधानों को प्रदान की गई अनुदान की ₹2,14,51,940 के सदुपयोग की जांच सम्भव नहीं हो सकी। अतः इस प्रकरण में अपेक्षित कार्रवाई

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajinder Kumar
Whether BPL or not : yes.
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

करने के अतिरिक्त मन्दिर न्यास को परामर्श दिया जाता है कि पारदर्शिता बनाए रखने के प्रयोजन से, मन्दिर न्यास द्वारा आन्तरिक जांच करके ऐसे प्रकरणों में पंचायत प्रधान को विकास कार्यों हेतु राशि सीधे तौर पर प्रदान करने की बजाए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से दी जाए, ताकि विकास कार्यों की मापन प्रविष्टियां सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा मापन पुस्तिका में दर्ज की जा सकें, क्योंकि उक्त विकास कार्यों की सम्बन्धित पंचायतों द्वारा माप पुस्तिका में मापन प्रविष्टियां कभी भी दर्ज नहीं की गई है।

25 **मन्दिर न्यास द्वारा वर्ष 2013 व 2014 के दौरान विभिन्न विकास कार्यों हेतु विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रदान की अनुदान की ₹30,45,800 के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने बारे**

मन्दिर न्यास द्वारा मन्दिर न्यास कोष से वर्ष 2013 व 2014 के दौरान नजदीकी पंचायत प्रधानों को विभिन्न विकास कार्यों हेतु अनुदान की ₹30,45,800 प्रदान की गई है, जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:—

क्रम संo	दिनांक	सम्बन्धित पंचायत का नाम	अनुदान राशि	उद्देश्य
1	22.1.13	प्रधान ग्राम पंचायत छपरोह	1,51,500	निर्माण रास्ता मेन रोड अशोक कुमार के घर से नगरियां वार्ड नम्बर 2 तक
2	22.1.13	प्रधान ग्राम पंचायत छपरोह	3,74,925	निर्माण रास्ता बाऊन्डरी से प्रकाश चन्द के घर तक वार्ड नम्बर–1
3	11.5.13	प्रधान ग्राम पंचायत छपरोह	1,95,258	निर्माण रास्ता मेन रोड मिरगू से डूहल बगवाला की बाऊन्डरी तक
4	11.5.13	प्रधान ग्राम पंचायत छपरोह	49,996	निर्माण रास्ता मेन रोड अशोक कुमार के घर से नागरियों वार्ड नम्बर 2 तक
5	11.5.13	प्रधान ग्राम पंचायत छपरोह	58,237	निर्माण रास्ता व डंगा नजदीक घर राजपाल कालिया से कृष्ण शर्मा वार्ड नम्बर 3
6	16.5.13	प्रधान ग्राम पंचायत नारी	75,000	निर्माण सराये हरिजन बस्ती वार्ड नम्बर 4
7	16.5.13	प्रधान ग्राम पंचायत नारी	3,67,050	निर्माण रास्ता व रिटेनिंग वाल लौक से पुशपिन्द्र सिंह के घर तक वार्ड नम्बर 3
8	12.10.13	प्रधान ग्राम पंचायत छपरोह	88,974	निर्माण बाथरूम व हॉल नजदीक शिव मन्दिर वार्ड नम्बर–2, 3 व 4
9	12.10.13	प्रधान ग्राम पंचायत छपरोह	88,000	निर्माण रास्ता बाऊन्डरी से प्रकाश चन्द के घर तक वार्ड नम्बर–1
10	14.12.13	प्रधान ग्राम पंचायत गंगोट	27,500	निर्माण रास्ता शिव मन्दिर बग्गी से तालाब तक
11	14.12.13	प्रधान ग्राम पंचायत गंगोट	26,496	निर्माण रास्ता खड्ड से सुरजीत के घर तक

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajinder Sharma
Whether BPL or not : No.

PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

12	14.12.13	प्रधान ग्राम पंचायत गंगोट	13,000	रेलिंग ब्रह्म दास के घर से तस्लीम चन्द के घर तक
13	14.12.13	प्रधान ग्राम पंचायत गंगोट	17,500	रेलिंग उत्तम चन्द के घर से रूप लाल के घर तक
14	14.12.13	प्रधान ग्राम पंचायत गंगोट	7,512	मुरम्मत पानी निकासी नाली नियर कुन्दर गर्ग
15	14.12.13	प्रधान ग्राम पंचायत गंगोट	1,12,500	निर्माण रास्ता मेन रोड़ से जसवंत सिंह के घर के लिए
16	21.5.14	प्रधान ग्राम पंचायत चिन्तपूर्णी	3,00,000	नला की मुरम्मत नजदीक राजकीय वरिष्ठमाध्यमिक पाठशाला चिन्तपूर्णी
17	21.5.14	प्रधान ग्राम पंचायत चिन्तपूर्णी	65,087	निर्माण रास्ता व डगा मेन रोड मिस्गू से डूहल बगवाला की बाउन्डरी तक
18	21.5.14	प्रधान ग्राम पंचायत चिन्तपूर्णी	74,415	निर्माण रास्ता व डगा व रेलिंग नजदीक शिव मन्दिर से के0डी0 शर्मा के घर तक
19	11.6.14	प्रधान ग्राम पंचायत चिन्तपूर्णी	52,500	रास्ता बाई पास कूआ नजदीक घर रविन्द्र कालिया तक के कार्य
20	27.8.14	प्रधान ग्राम पंचायत नारी	1,75,000	पक्का रास्ता चौक से बस्ती तेहा ब्राह्मण की बावड़ी वार्ड नं0 1
21	27.8.14	प्रधान ग्राम पंचायत नारी	1,22,350	निर्माण रास्ता व रिटेलिंग लाल चौक से पुशपिन्द के घर तक
22	1.9.14	प्रधान ग्राम पंचायत नारी	3,00,000	सराय भवन बनाने की(प्रथम किस्त)
23	15.11.14	प्रधान ग्राम पंचायत नारी	1,00,000	सराय भवन बनानेकी(द्वितीय किस्त)
24	18.12.14	प्रधान ग्राम पंचायत नारी	22,500	सराय भवन बनाने की(तृतीय किस्त)
		कुल योग	₹32,45,800	

उपरोक्त उल्लेखित विभिन्न विकास कार्यों हेतु विभिन्न ग्राम पंचायत प्रधानों को प्रदान की गई अनुदान की ₹30,45,800 के वास्तविक व्यय एवं इस व्यय की पुष्टि हेतु कि यह राशि जिस कार्य हेतु स्वीकृत की गई है, उसी कार्य पर खर्च की गई है, इससे सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से आवश्यक सत्यापन सहित प्राप्त किए जाने अपेक्षित थे, जबकि मन्दिर न्यास द्वारा उपरोक्त उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किए गए। अतः उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करके सत्यापना हेतु आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किए जाएं ताकि स्वीकृत अनुदान से किए गए वास्तविक व्यय की जाँच सम्भव हो सके व यह सुनिश्चित किया जा सके कि अनुदान राशि उसी कार्य पर खर्च हुई है, जिस कार्य हेतु प्रदान की गई थी।

26 नवरात्रों के दौरान मेला अधिकारियो को अवधि 6.8.13 से 16.8.13 तक होटलों में ठहरने की एवज में ₹1,60,600 का अनियमित भुगतान करना

जाँच के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास श्री चिन्तपूर्णी द्वारा नवरात्रों के दौरान मेला अधिकारियों को अवधि 6.8.13 से 16.8.13 तक ठहरने हेतु विभिन्न होटलों में कमरे किराये पर लेने पर ₹1,60,600 का भुगतान किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajnish Kudla
Whether BPL or not : No
PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department
H.P., Shimla-171009

क्र0 सं0	दिनांक	होटल का नाम एवं पता	कमरों की संख्या	किराया प्रतिदिन	ठहराव अवधि	लग्ज़री टैक्स	कुल भुगतान
763	23.8.13	हिमालयन होटल चिन्तपूर्णी	4	1000	10 दिन	4000	44,000
845	16.8.13	सचिन होटल चिन्तपूर्णी	6	1000	11 दिन	6600	72,600
762	23.8.13	जय मां होटल चिन्तपूर्णी	4	1000	10 दिन	4000	44,000
						कुल भुगतान	1,60,600

मन्दिर न्यास बैठक जो कि अवधि 5.8.13 से 16.8.13 के दौरान लगने वाले नवरात्रो हेतु हुई थी के प्रस्ताव संख्या 7 के अर्न्तगत यह उल्लेखित किया गया है कि मेलों के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियो के आवास हेतु गत वर्षों की भान्ति चिन्तपूर्णी में स्थित हर धर्मशाला/सराये से 2 व 3 कमरे व हाल लिया जाए न कि डीलकस होटलों में कमरे किराये पर लिए जाएं, परन्तु उपरोक्त निर्णय के विपरीत अध्यक्ष मेलों के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ठहराव हेतु डीलक्स कमरो को किराये पर लेने पर ₹1,60,600 का अनियमित भुगतान किया गया है, जिसे नियमानुसार तथ्यों सहित न्यायोचित एवं तर्क संगत ठहराया जाए व सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके इसे नियमित करवाया जाए अन्यथा अनियमित भुगतान का उत्तरदायित्व निर्धारण करके इस प्रकरण में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाए व कृत कार्यवाही से इस विभाग को अवगत करवाया जाए। यहां यह भी उल्लेखित करना नितांत अनिवार्य है कि मन्दिर न्यास के अपना सुसज्जित यात्री भवन है जिसमें 48 कमरे हैं। अतः आपश्य भेजने के उदेश्य से सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में नवरात्र मेलों के दौरान गैजटेड अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को यात्री भवन में ठहराने हेतु भी विचार किया जाए।

27 होमगार्डों व सिक्योरिटी गार्डों को ठहराने हेतु प्रत्येक वर्ष ₹3,36,000 के किराए की अदायगी करने बारे

मन्दिर न्यास श्री चिन्तपूर्णी में होमगार्ड व सिक्योरिटी गार्ड को ठहराने हेतु किराए के रूप में विभिन्न मकान मालिकों को निम्नविवरणानुसार वार्षिक ₹3,36,000 का भुगतान किया जा रहा है।

क्रम संख्या	मकान मालिक का नाम	किराए पर लेने की तिथि/माह	प्रतिमाह किराया	प्रतिवर्ष किराया	विवरण
1	श्री सतीश कुमार	1.2.2009	6,200		
		1.3.2010	10,000		सिक्योरिटी गार्ड हेतु
2	श्री किशोरी लाल	1.7.2014	9,000		होमगार्ड हेतु
3	श्री जनक राज	1.1.2012	9,000		सिक्योरिटी गार्ड हेतु
		योग	28,000		
	कुल योग	28000 x 12 = 3,36,000			

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajnish Prabhakar
Whether BPL or not : No

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

उपरोक्त भवनों को सिक्योरिटी गार्डों व होम गार्डों को ठहराने हेतु किराए पर लेने के कारण मन्दिर न्यास कोष पर प्रति वर्ष ₹3,36,000 वार्षिक बोझ पड़ रहा है। मन्दिर न्यास अधिनियमों एवं हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवं पूर्त विन्यास अधिनियमों में सिक्योरिटी गार्डों व होम गार्डों को ठहराने हेतु किराए पर भवन लेने का कोई प्रावधान नहीं है। फलस्वरूप जिन नियमों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत उक्त भवन सिक्योरिटी गार्डों व होम गार्डों के ठहरने हेतु किराए पर लिए गए हैं, उन्हें आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाए तथा भविष्य में उक्त प्रकार के अपव्यय को रोकने हेतु सुझाव दिया जाता है कि मन्दिर न्यास के होम गार्डों व सिक्योरिटी गार्डों को ठहराने हेतु मन्दिर न्यास श्री चिन्तपूर्णी के यात्री भवन का उपयोग करने पर भी विचार किया जाए ताकि अनावश्यक व्यय से परिहार किया जा सके। उपरोक्त के अतिरिक्त मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा होम गार्ड स्टाफ को ठहराने के लिए श्री रविन्द्र कालिया सुपुत्र मदन लाल चिन्तपूर्णी से सराए में लिए गए कमरे के माह 10/2014 के किराये की ₹9,000 का भुगतान वाऊचर संख्या 1298/14, दिनांक 1.11.2014 के अन्तर्गत किया गया, परन्तु कमरा किराए पर लेने के लिए आयुक्त मन्दिर की अनुमति नहीं ली गई। अत इस प्रकरण में सक्षम अधिकारी से अब कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

28 पुलिस कन्ट्रोल रूम स्थापित करने हेतु न्यू बस स्टैंड पर ₹21,000 प्रतिमाह की दर से दो दुकानें किराए पर लेने बारे

अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा न्यू बस स्टैण्ड पर पुलिस कन्ट्रोल रूम स्थापित करने हेतु दो दुकानें किराये पर लेने पर श्री प्रदीप शर्मा को प्रति माह ₹21,000 किराए का भुगतान किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप उक्त दुकानों के मालिक को अवधि 1.11.10 से 31.7.14 के दौरान 46 माह हेतु ₹9,45,000 का भुगतान किया गया है। उक्त किराए पर ली गई दुकानों हेतु यद्यपि मन्दिर न्यास द्वारा दिनांक 9.6.10 को प्रस्ताव संख्या 30 पारित किया गया था, तथापि आयुक्त मन्दिर एवं जिलाधीश ऊना द्वारा दिनांक 24.2.15 को नस्ति पर टिप्पणी की है:- "This does not seem logical to hire premises @21000 P.M. on rent purely for H.P. Police to set up their Control Room. It is advisable not to review the contract, the police can make their own arrangement, if they deem necessary."। अत आयुक्त मन्दिर न्यास की उपरोक्त टिप्पणी से पुलिस विभाग को भी अवगत करवाया जाए तथा भविष्य मे किसी भी भवन/दुकान को किराए पर लेने से पूर्व आयुक्त मन्दिर एवं जिलाधीश ऊना से स्वीकृति ली जानी सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त यदि उक्त प्रकरण में जिलाधीश ऊना एवं आयुक्त मन्दिर से पूर्व में स्वीकृति नहीं ली है, तो इस प्रकरण में भी कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करनी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajinder Kaushal
Whether PIO or not : No

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

29 मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा क्रय की गई ₹8,03,721 की दवाईयों को भण्डार रजिस्टर में दर्ज न करने बारे

मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा मेले के दौरान निम्न विवरणानुसार दवाईयों का क्रय किया गया है, परन्तु दवाई को भण्डार रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त यह दवाईयाँ एच0पी0 स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन से क्रय न करके खुले बाजार से क्रय की गई हैं। इस बारे अनुभाग अधिकारी के पत्र संख्या: 180/2015, दिनांक 15.10.2015 द्वारा आपत्ति उठाई गई, जिसके उत्तर में मन्दिर अधिकारी द्वारा अपने पत्र संख्या: 1609/15, दिनांक 9.11.2015 द्वारा सूचित किया है कि मन्दिर न्यास की दिनांक 6.7.2013 की बैठक की मद संख्या 5 में लिए गए निर्णय के अनुसार यह दवाईयां मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना तथा आयुर्वेदिक अधिकारी ऊना द्वारा क्रय की गई है तथा इन अधिकारियों से इस बारे सूचना मांगी है। अतः वांछित सूचना उपलब्ध होने पर वस्तुस्थिति से इस विभाग को भी शीघ्र अवगत करवाया जाए।

वी0 सं0	मास/दिनांक	फर्म का नाम	राशि
39	10.4.2013	एच0पी0 स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन	47,460
171	2.5.2013	मॉ चिन्तपूर्णी मैडिकल एजैन्सी	65,446
926	6.9.2013	मैं0 सुधांशु हर्बस मैहतपुर	19,998
927	6.9.2013	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल एजैन्सी ऊना	15,159
1044	27.9.2013	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल एजैन्सी ऊना	1,15,619
1112	8.10.2013	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल एजैन्सी ऊना	48,282
1159	16.10.2013	मैं0 सुदर्शन हर्बस मैहतपुर	16,999
1160	16.10.2013	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल एजैन्सी ऊना	7,990
1867	17.2.2014	मैं0 सुधांशु हर्बस्त मैहतपुर	4,851
1868	17.2.2014	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल एजैन्सी ऊना	2,339
47	9.4.2014	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल एजैन्सी ऊना	9,621
129	25.4.2014	मैं0 सुदर्शन हर्बस मैहतपुर	29,972
643	6.8.2014	मैं0 जैन औषधि स्टोर ऊना	2,62,662
880	1.9.2014	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल स्टोर	35,096
881	1.9.2014	मैं0 सुदर्शन हर्बस मैहतपुर	21,666
882	1.9.2014	मै0 कुमार मैडिसिन ट्रेडर्ज अम्ब	13,230
1079	4.10.2014	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल एजैन्सी	9,821
1080	4.10.2014	मैं0 चढ्ढा मैडिकल एण्ड जनरल एजैन्सी	15,050
1081	4.10.2014	मैं0 सुदर्शन हर्बस मैहतपुर	9,997
1082	4.10.2014	मैं0 जैन औषधि स्टोर ऊना	52,273
		योग	8,03,721

30 प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी के अनुमोदन के बिना भण्डार रजिस्टरों के पंखों को भण्डार से जारी करना

भण्डार रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया कि निम्नानुसार श्रद्धालुओं से चढ़ावे के रूप में प्राप्त किए गए दीवार के पंखों को विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों को जारी किया गया है। इन

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajnish Khokha
Whether BPL or not : No

PIO-cum-Assistant Director
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

पंखों को जारी करने के लिए प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है। अत: बिना अनुमोदन चढ़ावे के पंखों को जारी करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

क्रम संख्या	दिनांक	विभाग/संस्था का नाम	पंखों की संख्या
1	20.2.2013	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर	1
2	3.4.2013	प्रभारी बी0एम0 गार्द अम्ब	1
3	28.5.2013	नायब तहसीलदार प्रशिक्षार्थी अम्ब	2
4	5.6.2013	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर	3
5	26.6.2013	आंगनबाड़ी केन्द्र जाबल	1
6	8.7.2013	ग्राम पंचायत जाबल	1
7	10.7.2013	राजकीय उच्च विद्यालय त्यूड़ी	2
8	13.7.2013	प्रभारी होमगार्ड चिन्तपूर्णी	1
9	21.8.2013	पटवारी राजेन्द्र कुमार पटवार खाना बदौली	1
10	5.9.2013	आंगनबाड़ी केन्द्र समनोली	1
11	24.4.2014	गुरमेल सिंह फायरपोस्ट भरवाई	2
12	19.5.2014	प्रभारी होमगार्ड चिन्तपूर्णी	1
13	23.5.2014	राजकीय प्राथमिक पाठशाला खरोह	1
14	23.5.2014	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरोह	2
15	29.5.2014	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोई	3
16	2.6.2014	आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड नं0 3 व 6 मोरपंगा	2
17	11.6.2014	राजकीय प्राथमिक पाठशाला अमोकलां	1
18	17.6.2014	पुलिस थाना चिन्तपूर्णी	3
19	30.6.2014	आंगनबाड़ी केन्द्र रेही छपरोह	2
		योग	34

31 चढ़ावे के रूप में प्राप्त सामान को चढ़ावा रजिस्टर में दर्ज करने से सम्बन्धित अनियमितताएं

(क) जाँच के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास श्री चिन्तपूर्णी में निम्नविवरणानुसार रसीदों के अन्तर्गत प्राप्त सामान की मात्रा को दैनिक चढ़ावा रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया है।

क्र0 सं0	दिनांक	रसीद संख्या	सामान का विवरण	रसीद में दर्ज मात्रा	दैनिक चढ़ावा रजिस्टर में दर्ज मात्रा	कम दर्ज की गई मात्रा
1	8.7.13	4467/67	छत वाला पंखा	01	शून्य	01
2	21.8.13	285/24	छत वाला पंखा	01	शून्य	01
3	5.8.14	4570/88	घी	5 कि0ग्रा0	4 कि0ग्रा0	1 कि0ग्रा0
4	16.8.14	4575/01	साड़ी	1	शून्य	01
5	16.8.14	4575/04	कम्बल	1	शून्य	01
6	16.8.14	4575/10	साड़ी	2	1	01
7	16.8.14	4575/59	चुनियां	25	शून्य	25

(ख) मन्दिर न्यास श्री चिन्तपूर्णी में निम्नविवरणानुसार दैनिक चढ़ावा रजिस्टर में दर्ज की गई सामान की मात्रा के वास्तविक योग से मात्रा का योग कम दर्शाया गया है।

Information supplied under RTI Act to I
Name of the applicant : Sh. Rajinder Mehta
Whether BPL or not : No.

PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department,
U.P., Sitapur-17100[illegible]

क्र0 सं0	दिनांक	दैनिक चढ़ावा रजिस्टर पेज संख्या	सामान का विवरण	दर्ज की गई मात्रा का वास्तविक योग	दर्शाया गया योग	कम दर्शाया गया योग
1	4.8.13	15651	सूट	13	11	2
2	7.8.13	15654	घड़ी	1	शून्य	01
3	7.8.13	15655	कपड़ा	6 मीटर	2 मीटर	4 मीटर
4	9.8.13	15659	घी	45 कि0ग्रा0	37 कि0ग्रा0	8 कि0ग्रा0
5	9.8.13	15658	धोती	1	शून्य	01
6	10.8.13	15661	घण्टी	3	1	2
7	11.8.13	15663	कमीज कपड़ा	3 पीस	2 पीस	01 पीस
8	18.8.13	15676	पंखा छत वाला	1	शून्य	01
9	8.8.14	16189	सूट	29	28	01
10	29.8.14	16211	स्टील गड़वी	2	1	1

(ग) मन्दिर न्यास श्री चिन्तपूर्णी में निम्नविवरणानुसार दैनिक चढ़ावा रजिस्टर में सामान की मात्रा को सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टरों में कम दर्ज किया गया है।

क्र0 सं0	दिनांक	दैनिक चढ़ावा रजिस्टर पेज संख्या	सामान का विवरण	दर्ज की गई मात्रा	स्टॉक रजिस्टर पेज सं0	स्टॉक रजिस्टर में दर्ज की गई मात्रा	कम दर्ज की गई मात्रा
1	3.8.13	15650	दीवार घड़ी	1	267	शून्य	1
2	6.8.13	15657	लेडीज पजामी	2	81	शून्य	2
3	9.8.13	15659	लेडीज पजामी	1	81	शून्य	1
4	9.8.13	15659	स्वाटर/कोटी	2	170	1	1
5	11.8.13	15663	लेडीज कोटी	1	170	शून्य	1
6	12.8.13	15665	पजामी	2	81	शून्य	2
7	15.8.13	15671	तौलिए	3	69	1	2
8	15.8.13	15671	ढम्मच	1	72	शून्य	1
9	20.8.13	15679	तौलिए	1	69	शून्य	1
10	20.8.13	15679	साड़ी	3	134	शून्य	3
11	24.8.13	15685	टी शर्ट	1	177	शून्य	1
12	25.8.13	15687	थाली	1	496	शून्य	1
13	1.8.14	16179	दीवार घड़ी	1	42	शून्य	01
14	3.8.14	16182	स्टील थालियां	2	1504	शून्य	2
15	8.8.14	16189	कराक	1	—	शून्य	1
16	8.8.14	16189	पजामी	1	81	शून्य	1
17	9.8.14	16190	गिलास	1	1458	शून्य	1
18	9.8.14	16190	टी–शर्ट	1	752	शून्य	1
19	16.8.14	16197	टी–शर्ट	2	752	1	1
20	17.8.14	16198	जग	1	392	शून्य	1
21	18.8.14	16201	कांसा कटोरी	1	—	शून्य	1
22	18.8.14	16201	तकिया	1	—	शून्य	1
23	26.8.14	16208	दीवार घड़ी	1	42	शून्य	1
24	30.8.14	16213	चटाई	1	—	शून्य	1

Information supplied under RTI Act to :

Name of the applicant : Sh. Rajnish Bhalla

Whether BPL or not : No

PIO-cum-Additional Director
Legal Audit Department
H.P. Shimla-171009

उपरोक्त क्रम संख्या (क) (ख) व (ग) पर उल्लेखित कम दर्ज किए गए सामान को अंकेक्षण के दौरान ही मन्दिर अधिकारी के ध्यानार्थ लाया गया, जिस पर मन्दिर अधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस सामान को सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टरों में दर्ज करवा दिया गया है व सामान को दर्ज करने की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान ही कर ली गई है। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में उक्त प्रकार की अनियमितता न दोहराने हेतु प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए।

32 बिजली के सामान को कम दर्ज करना

बिजली के सामान के स्टॉक रजिस्टर की जांच करने पर पाया गया कि मुख्य स्टॉक रजिस्टर से जारी की गई बिजली के सामान की विभिन्न मदों को बिजली के सामान के वितरण स्टॉक रजिस्टर में कम दर्ज किया गया है, जिसका वितरण निम्न प्रकार से है।

क्र0 सं0	दिनांक	मुख्य बिजली स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ संख्या	सामान का वितरण	जारी की गई मात्रा	बिजली सामान वितरण स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ संख्या	दर्ज की गई मात्रा	कम दर्ज की गई मात्रा
1	6.8.13	159	इन्मेटर 70 वॉट	6	71	5	1
2	11.8.13	46	ट्यूब रौंड 40 वॉट	4	1	शून्य	4
3	29.8.13	46	ट्यूब रौंड 40 वॉट	1	1	शून्य	1
4	29.8.13	50	चौक 40 वॉट	2	11	शून्य	2
5	10.9.13	133	सी0एफ0एल0 18 वॉट	1	174	शून्य	1

अतः उपरोक्त उल्लेखित कम दर्ज की गई बिजली के सामान की मदों को सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर में दर्ज न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त मदों को सम्बन्धित बिजली के सामान के वितरण रजिस्टर में दर्ज करने के उपरान्त सत्यापनार्थ हेतु आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

33 वाहनों तथा जेनरेटर के प्रयोग से सम्बन्धी अनियमितताएं

(क) अनुभाग अधिकारी के पत्र क्रमांक 188/2015, दिनांक 30.10.2015 द्वारा मन्दिर अधिकारी, मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी से वाहनों की लॉग बुक, जिनका विवरण निम्नानुसार है, उपलब्ध करवाने हेतु अनुरोध किया गया, परन्तु वाहनों की लॉग बुक आवश्यक जाँच हेतु अंकेक्षण में उपलब्ध नहीं करवाई गई, जिन्हें आगामी अंकेक्षण पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए।

क्रम संख्या	वाहन संख्या
1	HP-19B-2699
2	HP-20C-0004

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajesh Chadha
Whether BPL or not : No.

PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department
H.P., Shimla-171004

3	HP-20A-3770
4	HP-19-8587
5	HP-19-0666

(ख) मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा वाउचर संख्या: 1260 दिनांक 8.11.14 के अन्तर्गत टैक्सी नम्बर एच0पी0–01–यू–0335 के ड्राईवर श्री दीपक शर्मा को दिनांक 25.9.14 से 5.10.14 के दौरान मेला ड्यूटी हेतु 9 दिनों के लिए (9 x 1400 = ₹12600) का भुगतान किया गया दर्शाया है। उक्त व्यय के सन्दर्भ में निम्नलिखित अंकेक्षण अभियुक्तियां हैं।

(i) श्री दीपक शर्मा ड्राईवर द्वारा प्रदान की गई यात्रा दैनिकी के अनुसार उक्त वाहन का जिस अधिकारी द्वारा प्रयोग किया गया है उसका नाम एवं पद उल्लेखित नहीं है व न ही गाड़ी को प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर है। अतः टैक्सी को प्रयोग करने से सम्बन्धित वांछित प्रमाण पत्र सत्यापनार्थ हेतु आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किए जाने सुनिश्चित किए जाएं।

(ii) उपरोक्त उल्लेखित टैक्सी को किराये पर लेने हेतु ₹1400 प्रतिदिन की दर से भुगतान किया गया है, लेकिन उक्त दर/भुगतान को सम्बन्धित सक्षम अधिकारी से अनुमोदित करवाने सम्बन्धी आदेश अंकेक्षण में सत्यापनार्थ प्रस्तुत नहीं किए गए। इस प्रकार उक्त भुगतान की गई दर/राशि के अनुमोदन की प्रति के अभाव में भुगतान की गई राशि को नियमानुसार उचित नहीं ठहराया जा सकता। अतः उक्त भुगतान से सम्बन्धित सक्षम अधिकारी के अनुमोदन की प्रति सत्यापनार्थ आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित की जाए ताकि कृत भुगतान का नियमन सम्भव हो सके।

(ग) मन्दिर प्रबन्धन समिति की गाड़ी नम्बर एच0पी0–19ए–8525 की लॉग बुक की जॉच करने पर पाया गया कि लॉग बुक के पृष्ठ संख्या–51 पर माह 1/2014 में बकाया डीजल के अन्तिम शेष की मात्रा 59 लीटर को पृष्ठ संख्या 54 पर आरम्भिक शेष में 49 लीटर डीजल की मात्रा उठाने के कारण 10 लीटर डीजल कम मात्रा उठाई गई है। अतः उक्त 10 लीटर डीजल की मात्रा कम उठाने/दर्ज करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा 10 लीटर डीजल के वास्तविक मूल्य की वसूली सम्बन्धित कर्मचारी से करने के उपरान्त यह राशि मन्दिर कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(घ) मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा अन्तर्गत मैसर्ज चिन्तपूर्णी फिलिंग स्टेशन, चिन्तपूर्णी से बिल संख्या: 507, दिनांक 25.10.13 के अन्तर्गत गाड़ी नम्बर एच0पी0–19ए–8525 हेतु ₹52.08 प्रति लीटर की दर से 79 लीटर डीजल का क्रय किया गया दर्शाया है, लेकिन उक्त गाड़ी की लॉग बुक की जॉच करने पर पाया गया कि उक्त 79 लीटर क्रय किए गए डीजल के स्थान पर लॉग बुक के पृष्ठ संख्या: 56 पर केवल 77 लीटर डीजल ही दर्ज किया गया है, फलस्वरूप 2

Information supplied under RTI Act to -
Name of the applicant : Sh. Rajkumar Lodha
Whether BPL or not : N.A
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

लीटर डीजल कम दर्ज किया गया है। अतः उक्त 2 लीटर डीजल कम दर्ज करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा उक्त 2 लीटर डीजल की मात्रा के वास्तविक मूल्य की वसूली सम्बन्धित उत्तरदायी कर्मचारी से करने के उपरान्त यह राशि मन्दिर कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(ङ) जाँच के दौरान पाया गया कि मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तापूर्णी द्वारा जेनरेटर के प्रयोग हेतु वास्तविक डीजल से 22 लीटर डीजल का अधिक प्रयोग किया गया दर्शाया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

(i) वास्तविक प्रयोग से अधिक प्रयोग दर्शाना

क्र0 सं0	जेनरेटर डीजल स्टॉक रजिस्टर पेज सं0	दिनांक	जनरेटर की पुरानी रिडिंग	दिनांक	जनरेटर की नई रिडिंग	जनरेटर जितने घंटे चला	दर्शाया गया समय	अधिक दर्शाया गया समय	प्रति घंटा डीजल खपत	अधिक डीजल की खपत
1	82	1.3.13	1161 घंटे	5.3.13	1162 घंटे	1 घंटा	2 घंटा	1 घंटा	6 लीटर	6 लीटर
2	84	22.7.13	1275 घंटे	28.7.13	1281 घंटे	6 घंटे	7 घंटे	1 घंटा	6 लीटर	6 लीटर
									योग	12 लीटर

(ii) वास्तविक शेष से कम शेष दर्शाना

क्र0 सं0	जेनरेटर डीजल स्टॉक रजिस्टर पेज सं0	दिनांक	आरम्भिक शेष	खपत किया गया डीजल	वास्तविक शेष	दर्शाया गया शेष	कम दर्शाया गया शेष
1	91	14.9.14	208 लीटर	24 लीटर	184 लीटर	174 लीटर	10 लीटर

उक्त क्रम संख्या (i) व (ii) में वर्णित 22 लीटर डीजल के प्रकरण को अंकेक्षण अभियाचना संख्या 96, दिनांक 31.10.2015 के अन्तर्गत मन्दिर अधिकारी के ध्यानार्थ लाया गया, लेकिन उनके द्वारा अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। अतः उक्त 22 लीटर डीजल के वास्तविक मूल्य की वसूली करने के उपरान्त यह राशि मन्दिर कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए व कृत कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

34 सुलभ इन्टरनेशनल चण्डीगढ़ को भुगतान की गई ₹21,03,000 के बारे में

मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा मेलों के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अस्थाई शौचालयों का निर्माण प्रतिवर्ष करवाया जाता है। इस निर्माण हेतु प्रतिवर्ष अत्याधिक राशि का भुगतान सुलभ इन्टरनेशनल चण्डीगढ़ को किया जाता है। अवधि 1.1.2013 से 31.12.2014 के दौरान अस्थाई

information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajesh Kumar
Whether BPL or not : No.
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

शौचालयों के निर्माण करवाने के लिए सुलभ इन्टरनैशनल चण्डीगढ़ को ₹21,03,000 का भुगतान किया गया। इस सन्दर्भ में वर्णित किया जाता है कि माता श्री चिन्तपूर्णी के श्रद्धालुओं की संख्या में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है, परन्तु मन्दिर प्रबन्धन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्थाई शौचालय का प्रावधान नहीं किया गया है तथा प्रत्येक मेले के दौरान मात्र अस्थाई शौचालयों का निर्माण करवाकर अत्याधिक राशि का भुगतान किया जाता है। यदि मन्दिर प्रबन्धन द्वारा स्थाई शौचालयों का निर्माण करवाया जाता तो इससे एक ओर जहां श्रद्धालुओं को सुविधा प्राप्त होती वहीं दूसरी ओर मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा मेलों के दौरान अस्थाई शौचालयों हेतु प्रतिवर्ष किए जा रहे लाखों रुपये के अनावश्यक भुगतान से भी बचा जा सकता था। अतः इस प्रकरण में मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा आन्तरिक जांच करके तदानुसार यथोचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

35 हिमाचल प्रदेश विद्युत विभाग द्वारा बिजली के बिलों पर ₹47,334 के एम0सी0 चार्जिज लगाना तथा बिजली के बिलों के भुगतान से सम्बन्धित अन्य अनियमितताए

(क) मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा माह 8/2013 व माह 11/2014 के दौरान भुगतान किए गए बिजली के बिलों की जांच करने पर पाया गया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा निम्नानुसार एम0सी0 चार्जिज की ₹47,334 की वसूली की गई है। अतः यह मामला सम्बन्धित विभाग से उठाया जाए तथा तदानुसार वस्तुस्थिति से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

क्रम संख्या	वाऊचर संख्या	माह	मीटर संख्या	राशि
1	715	8/2013	जे0बी0-1-एस0एल0	432
2	715	8/2013	वाई0एन-13-एस0एल0	198
3	715	8/2013	वाई0पी0-25-एस0एल0	198
4	715	8/2013	वाई0पी0-7-एस0एल	324
5	715	8/2013	वी0एन0-518-एस0एल0	972
6	715	8/2013	वी0एल-673-एस0एल0	396
7	715	8/2013	आर0एस0-1-एस-एल0	192
8	715	8/2013	आर0एस0-28-एस0एल0	198
9	715	8/2013	आर0एस0-121-एस0एल0	540
10	715	8/2013	सी0पी0-2461-एस0एल0	576
11	715	8/2013	सी0पी0-2427-एस0एल0	810
12	715	8/2013	सी0पी0-979-एस0एल0	1218
13	715	8/2013	सी0पी0-1615-एस0एल0	162
14	715	8/2013	सी0पी0-1616-एस0एल0	360
15	715	8/2013	सी0पी0-1648-एस0एल0	558
16	715	8/2013	सी0पी0-1659-एस0एल0	252
17	715	8/2013	सी0पी0-1660-एस0एल0	216
18	716	8/2013	सी0पी0-3-1752-सी0	6750
19	716	8/2013	सी0पी0-3-1968-सी0	6930
20	716	8/2013	सी0पी0-3-956-एल0डी0	5400
21	1313	11/2014	सी0पी0-3-1968-सी	6240

Information supplied under RTI Act to :
Name of the Applicant : Sh. Rajnish Kapila
Whether BPL or not : No
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

22	1313	11/2014	सी0पी0–3–1752–सी		6000
23	1313	11/2014	सी0पी0–979–एस0एल0		1216
24	1313	11/2014	सी0पी0–1615–एस0एल0		162
25	1313	11/2014	सी0पी0–1616–एस0एल0		360
26	1313	11/2014	सी0पी0–1648–एस0एल0		558
27	1313	11/2014	सी0पी0–1659–एस0एल0		252
28	1313	11/2014	सी0पी0–1660–एस0एल0		216
29	1313	11/2014	सी0पी0–2461–एस0एल0		576
30	1314	11/2014	सी0पी0–3–2727–एस0एल0		810
31	1314	11/2014	बी0एन0–516–एस0एल0		972
32	1314	11/2014	बी0एन0–679–एस0एल0		396
33	1314	11/2014	आर0एस0–1–एस0एल0		192
34	1314	11/2014	आर0एस0–28–एस0एल0		198
35	1314	11/2014	आर0एस0–121–एस0एल0		540
36	1314	11/2014	जे0बी0–1–एस0एल0		432
37	1314	11/2014	वाई0एन–13–एस0एल0		198
38	1314	11/2014	बी0पी0–25–एस0एल0		198
39	1314	11/2014	वाई0वी0–7–एस0एल0		324
40	1314	11/2014	एम0एन0–6–एस0एल0		810
				कुल योग	47,334

(ख) बिजली के बिलों की जॉच करने पर यह भी पाया गया कि माह 11/2014 के दौरान निम्न विवरणानुसार बिजली के बिलों की वास्तविक बिजली खपत से अधिक बिजली खपत की गई दर्शाई है।

क्र0 सं0	दिनांक	मीटर संख्या	पुरानी रीडिंग	नई रीडिंग	बिजली खपत यूनिट	दर्शाई गई खपत	अधिक दर्शाई गई बिजली खपत	भुगतान की गई राशि
1	20.11.14	सी0पी0–3–1968–सी	15540	17520	1990	2119	139	17045
2	20.11.14	सी0पी0–3–1752–सी	74310	76870	2560	2739	179	19953

अतः उपरोक्त उल्लेखित बिलों के अन्तर्गत अधिक दर्शाई गई बिजली के यूनिट की खपत का आगामी बिलों में समायोजन करवाने के उपरान्त वस्तुस्थिति से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(ग) बिजली के बिलों की जॉच करने पर पाया गया कि माह 11/2014 के दौरान निम्नविवरणानुसार बिजली के बिलों का औसत खपत के आधार पर भुगतान किया गया है।

क्र0 सं0	दिनांक	मीटर संख्या	पुरानी रीडिंग	नई रीडिंग	खपत दर्शाई गई बिजली	भुगतान की गई राशि
1	20.11.14	सी0पी0–3–956–एन0डी0	100390	शून्य	—	28113
2	20.11.14	बी0एन0–518–एल–एल0	2680	शून्य	2100 यूनिट	18382
3	20.11.14	वाई0वी0–7–एल0एल0	28250	शून्य	1000 यूनिट	8659

information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant :- Sh. Rajesh Kapila
Whether BPL or not :- No
PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

अतः उपरोक्त उल्लेखित बिजली के मीटरों की बिजली विभाग से जाँच करवाने हेतु प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए व कृत कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

36 रसीदें प्रस्तुत न करना

मन्दिर न्यास द्वारा रसीद संख्या 296/28, दिनांक 24.8.2013 के अन्तर्गत ₹20,000 विकास कार्यों हेतु प्राप्त की गई दर्शाई गई है, लेकिन उक्त रसीद वर्तमान अंकेक्षण में सत्यापनार्थ हेतु प्रस्तुत नहीं की गई। इस प्रकार रसीद के अभाव में उपरोक्त उल्लेखित प्राप्त की गई दर्शाई राशि की वर्तमान अंकेक्षण के दौरान सत्यापना सम्भव न हो सकी। अतः वांछित रसीद आगामी अंकेक्षण में सत्यापनार्थ हेतु प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित की जाए ताकि उपरोक्त उल्लेखित प्राप्त दर्शाई गई राशि की सत्यता की सत्यापना सम्भव हो सके।

37 माननीय न्यायालयों में लम्बित मामलों बारे

मन्दिर प्रबन्धन समिति के विभिन्न मामले न्यायालयों में लम्बित पड़े हैं, जिन्हें **परिशिष्ट–"V"** पर दर्शाया गया है। अतः इन मामलों में निर्णय होने पर तदानुसार कार्रवाई करनी सुनिश्चित की जाए।

38 विविध अनियमितताएं

(क) हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम 2009 की अनुपालना न करना:– मन्दिर प्रबन्धन समिति चिन्तपूर्णी द्वारा विभिन्न मदें क्रय करते समय हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम 2009 की अनुपालना नहीं की जा रही है। इस प्रकार लेखों में निम्न अनियमितताएं पाई गई।

(i) निविदाओं के बिना क्रय करना:– वित्तीय नियम 2009 के नियम 97(1) में प्रावधान है कि बिना निविदाएं बुलाए ₹3000 तक की मदों का क्रय किया जा सकता है, जिसकी वित्तीय वर्ष के दौरान अधिकतम सीमा ₹50000 होगी, परन्तु जांच में पाया गया कि मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा बिना निविदाएं आमंत्रित किए ₹3000 तक की मदों का क्रय तो किया जा रहा है, परन्तु अभिलेख के अभाव में यह ज्ञात न हो सका कि वित्तीय वर्ष के दौरान बिना निविदाएं बुलाए कुल कितना क्रय किया गया है। इसके अतिरिक्त नियम 97(1) के अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। अतः वांछित अभिलेख अब तैयार किए जाएं तथा भविष्य में भी इसकी अनुपालना करनी सुनिश्चित की जाए।

(ii) वित्तीय नियम 2009 के नियम 98 के अनुसार भी विभागाध्यक्ष द्वारा तीन सदस्यों की स्थानीय क्रय समिति (Local Purchase Committee) का गठन करके क्रय किया जा सकता है,

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant :- Sh. Rajinder Khokha
PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

जिसके लिए प्रकार समिति द्वारा नियमों के अन्तर्गत प्रदत्त प्रमाण पत्र दिया जाना होता है, परन्तु जांच में पाया गया कि मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा उक्त नियमों के अनुसार कार्यवाई नहीं की जा रही है और न ही क्रय समिति से वांछित प्रमाण पत्र लिए जा रहे हैं। अतः इस प्रकार के समस्त क्रय बारे नियमानुसार स्थिति स्पष्ट की जाए।

(iii) वित्तीय नियम 2009 के नियम 103 के अनुसार उन सप्लायरों को अधिमान दिया जाना चाहिए जिनके डिपो हिमाचल प्रदेश राज्य में हैं, परन्तु जांच में पाया गया कि मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा जालन्धर, होशियारपुर, फगवाड़ा तथा लुधियाना इत्यादि शहरों से उन मदों का क्रय किया जा रहा है जो कि हिमाचल प्रदेश में भी उपलब्ध हैं। इससे एक ओर तो मन्दिर के अधिकारियों/कर्मचारियों को बार-बार बाहर जाना पड़ता है वहीं दूसरी ओर मन्दिर के वाहनों का दुरूपयोग हो रहा है। इसके अतिरिक्त इस सन्दर्भ में सरकार के दिशा निर्देशों की अनुपालना भी नहीं हो पा रही है। अतः नियमानुसार उन्हीं सप्लायरों को अधिमान दिया जाए, जिनके डिपो हिमाचल प्रदेश राज्य में हैं।

(iv) मन्दिर प्रबन्धन समिति द्वारा सप्लायरों तथा विभिन्न फर्मों को सामान्यतः राशियों अग्रिम के रूप में प्रदान की गई है, परन्तु वित्तीय नियम 2009 के नियम 108(1) के अनुसार सप्लायरों तथा फर्मों से बैंक गारन्टी प्राप्त नहीं की जा रही है और न ही उन्हें उक्त नियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार अग्रिम प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त नियमों में मात्र 80% अग्रिम राशि दिए गए का ही प्रावधान है। अतः मन्दिर प्रबन्धन समिति के अधिकारियों को परामर्श दिया जाता है कि नियमानुसार जिन सप्लायरों अथवा फर्मों को अग्रिम भुगतान किए जाते हैं, उनसे बैंक गारन्टी ली जाए तथा नियमानुसार ही अग्रिम राशि जारी करना सुनिश्चित करें।

(ख) भण्डार रजिस्टर के रख-रखाव बारे– मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी की भण्डार पंजिकाओं की जांच करने पर पाया गया कि अवधि 1/2013 से 12/2014 के दौरान क्रय की गई अथवा चढ़ावे के रूप में प्राप्त अनेक मदों का इन्द्राज अलग-अलग नए पृष्ठों पर दर्ज किया जा रहा है, जिस कारण किसी मद की कुल शेष मात्रा को किसी अमुक दिवस पर ज्ञात नहीं किया जा सकता है। अतः यह प्रकरण उच्च अधिकारियों के ध्यान में इस आशय से लाया जाता है कि एक ही प्रकृति की मदों को स्टॉक रजिस्टर के एक ही पृष्ठ पर दर्शाकर तथा सक्षम अधिकारी से सत्यापन करवाकर, प्रत्येक मद की कुल मात्रा की गणना की जाए तथा शेष मात्रा को भण्डार रजिस्टर में दर्ज किया जाए।

(ग) मूर्ति रजिस्टर तैयार न करना– मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा मूर्ति रजिस्टर तैयार नहीं किया गया है, जोकि हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान नियम 1984 के नियम 8 के प्रावधानों के विरूद्ध है। मूर्ति के अभिलेख का रख-रखाव करना मन्दिर प्रबन्धन की

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajinder Bhasla
Whether BPL or not : No
PIO-cum-Additional Director
Local Audit Department
H.P. Shimla-171001

एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। अतः प्राथमिकता के आधार पर अभिलेख तैयार किए जाएं तथा इन अभिलेखों को सत्यापित करवाकर अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाए।

(घ) मन्दिर प्रबन्धन समिति माता श्री चिन्तपूर्णी द्वारा प्रतिवर्ष लाखों रुपये का बिजली का सामान मेलों तथा विविध कार्यों के लिए क्रय किया जा रहा है, परन्तु क्रय किए गए सामान/उपकरणों से समबन्धित अभिलेख का रख-रखाव उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रबन्धन समिति द्वारा एक बार भी बदली गई बिजली की मदों की निलामी नहीं की गई है, जोकि अनियमित है। अतः क्रय किए गए बिजली के सामान का अभिलेख उचित प्रकार से तैयार किया जाए तथा बिजली के पुराने सामान की शीघ्र नीलामी की जाए व अनुपालना आगामी अंकेक्षण में सत्यापनार्थ प्रस्तुत की जाए।

(ङ) स्टॉक का वार्षिक सत्यापन न करना

मन्दिर प्रबन्धन समिति के भण्डार रजिस्टरों का प्रत्यक्ष सत्यापन अंकेक्षण समाप्ति तक नही किया गया। अतः इस सन्दर्भ में नियमानुसार प्रत्येक वर्ष भण्डार की मदों का प्रत्यक्ष सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा तत्सम्बन्धी परिणाम से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

39. **लघु आपत्ति विवरणिका:-** इसे अलग से जारी नहीं किया गया क्योंकि समस्त लघु आपत्तियों का निपटारा स्थल पर कर लिया गया।

40. **निष्कर्ष:-** लेखों में सुधार की नितान्त आवश्यकता है।

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-09

05 MAY 2016 o/c

पृष्ठांकन संख्या: फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)(14)186/96-खण्ड-13 दिनांक: शिमला-9 2535-2538

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :-

पंजीकृत
1. मन्दिर अधिकारी मन्दिर न्यास माता चिन्तपूर्णी जिला ऊना हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके संटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को भेजना सुनिश्चित करें।
2. जिलाधीश ऊना एवं आयुक्त(मन्दिर), जिला ऊना हिमाचल प्रदेश
3. निदेशक (भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग) हिमाचल प्रदेश शिमला-9
4. अवर सचिव (भाषा) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-09
o/c

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajinder Kapoor
Whether BPL or not : No

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009.

परिशिष्ट–"A" पैरा 1(घ)

(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 12.6.1987 से 31.12.1995

1.	पैरा 3(ख)	अनिर्णीत
2.	पैरा 5	अनिर्णीत
3.	पैरा 6(2)	अनिर्णीत
4.	पैरा 6(3)	अनिर्णीत
5.	पैरा 6(5)	अनिर्णीत
6.	पैरा 17	अंशतः निर्णीत
7.	पैरा 19(क)	अनिर्णीत
8.	पैरा 20(क)(1)	अनिर्णीत
9.	पैरा 21	अनिर्णीत
10.	पैरा 23	अनिर्णीत
11.	पैरा 24	अनिर्णीत
12.	पैरा 29(क)	अनिर्णीत
13.	पैरा 29(ख)	अनिर्णीत
14.	पैरा 30	अनिर्णीत
15.	पैरा 31	अंशतः निर्णीत
16.	पैरा 32	अंशतः निर्णीत
17.	पैरा 33	अनिर्णीत
18.	पैरा 34	अनिर्णीत
19.	पैरा 35	अनिर्णीत
20.	पैरा 38	अनिर्णीत
21.	पैरा 41	अंशतः निर्णीत
22.	पैरा 43	अनिर्णीत
23.	पैरा 44	अनिर्णीत
24.	पैरा 45	अनिर्णीत
25.	पैरा 47	अनिर्णीत
26.	पैरा 48	अनिर्णीत
27.	पैरा 49	अनिर्णीत
28.	पैरा 55	अनिर्णीत

Information supplied under RTI Act to :
Name of the applicant : Sh. Rajnish Kaushik
Whether BPL or not : No

PIO-cum-Additional Director,
Local Audit Department,
H.P., Shimla-171009

29.	पैरा 56	अनिर्णीत
30.	पैरा 57	अनिर्णीत
31.	पैरा 60	अनिर्णीत
32.	पैरा 61(क)	अनिर्णीत
33.	पैरा 61(ख)	अनिर्णीत
34.	पैरा 61(ग)	अनिर्णीत
35.	पैरा 61(घ)	अनिर्णीत
36.	पैरा 61(ङ)	अनिर्णीत
37.	पैरा 61(च)	अनिर्णीत
38.	पैरा 61(छ)	अनिर्णीत
39.	पैरा 61(ज)	अनिर्णीत
40.	पैरा 61(झ)	अनिर्णीत
41.	पैरा 61(ञ)	अनिर्णीत
42.	पैरा 61(ट)	अनिर्णीत
43.	पैरा 65	अनिर्णीत
44.	पैरा 66	अनिर्णीत
45.	पैरा 67(क, ख, ग)	अनिर्णीत
46.	पैरा 68	अनिर्णीत
47.	पैरा 69	अंशत: निर्णीत
48.	पैरा 70(1)	अनिर्णीत
49.	पैरा 70(2)	अनिर्णीत
50.	पैरा 70(3)	अनिर्णीत
51.	पैरा 70(4)	अनिर्णीत
